प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेकनिक बरौनी, बेगूसराय।
सूचना

सूचना संख्या : 98 | दिनांक : 3-2-2020

राज्य प्रावैधिकी शिक्षा पर्षद बिहार पटना के पत्रांक 598 दिनांक 25/03/2019 के आलोक में छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सेमेस्टर– VI के पूर्व KYP प्रशिक्षण प्राप्त करना **अनिवार्य** होगा। अतः डिप्लोमा के छात्र/छात्राओं के लिये KYP प्रशिक्षण की व्यवस्था संस्थान मे की गयी है । माह मार्च–2020 बैच का प्रशिक्षण 02–03–2020 से आरंभ की जा रही है। नामांकन हेतु छात्र–छात्राएं वेबसाईट www.gpbarauni.ac.in के Notice टैब से आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर एवं आवेदन प्रपत्र भरकर वांछित प्रमाण–पत्रों के साथ 08/02/2020 तक कुशल युवा कार्यक्रम केन्द्र (Computer Lab), राजकीय पोलिटेकनिक बरौनी में जमा करेंगे। **सभी छात्र–छात्राओं के लिये संस्थान के कुशल युवा केन्द्र से प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है।**

KYP प्रशिक्षण के लिये आवश्यक निर्देश :

1. प्रशिक्षण में प्रत्येक बैच 20 प्रशिक्षणार्थियों का होगा।
2. प्रशिक्षण पूर्वाहन् 6:00 बजे से 10:00 बजे तक संचालित की जायेगी।
3. कुशल युवा कार्यक्रम की कुल अवधि 240 घंटे की है जो प्रति दिन प्रति बैच के लिये चार घंटे की होगी।
4. प्रशिक्षणार्थियों की 80 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है जो बायोमैट्रिक डिवाईस में दर्ज की जायेगी।
5. आवेदक को नामांकन के समय अग्रधन के रूप में 1,000.00(एक हजार) मात्र जमा करना होगा जो प्रशिक्षण सफल होने के बाद बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा वापस कर दिया जायेगा।
6. नामांकन हेतु वांछित प्रमाण–पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति :
   – उत्तीर्ण शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अंक–पत्र
   – आवेदक के नाम से संधारित बैंक (ग्रामीण बैंक छोड़कर) खाता संख्या एवं बैंक पासबुक की छाया–प्रति जिसमें आवेदक का नाम, पता, खाता संख्या तथा संबंधित बैंक शाखा का IFSC कोड स्पष्ट अंकित हो।
   – आवासीय प्रमाण पत्र
   – आधार कार्ड
   – पासपोर्ट साईज फोटो – 3
   – जाति प्रमाण पत्र
   – आय प्रमाण पत्र
   – संस्थान परिचय पत्र

विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट https://skillmissionbihar.org/ देखें अथवा श्री चन्दन पाठक, प्रशिक्षक, कुशल युवा कार्यक्रम से सम्पर्क करें।

3.2.2020

प्राचार्य

राजकीय पोलिटेकनिक बरौनी

बेगूसराय।